संख्या–1195 /26–2–2010

प्रेषक,

प्रेम नारायण
प्रमुख सचिव एवं समाज कल्याण आयुक्त
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

समाज कल्याण अनुभाग–2 लखनऊः दिनांकः 17 अप्रैल, 2010

विषयः उत्तर प्रदेश महामाया गरीब आर्थिक मदद योजना के अन्तर्गत सर्वेक्षण की प्रारम्भिक सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु।

महोदय,

कृपया दिनांक 12–4–10 को शासन स्तर पर हुई मण्डलीय समीक्षा बैठक का कृपया संदर्भ ग्रहण करें। बैठक में उपरोक्त विषय पर यह निर्णय लिया गया था कि सभी मण्डलायुक्तों द्वारा उनके मण्डल के समस्त जनपदों के प्रत्येक विकास खण्ड की एक न्याय पंचायत का सर्वेक्षण कार्य शासनादेश संख्या–411/26–2–2010–3मु0स0/2010 दिनांक 30–3–2010 में दिये गये निर्देशों के अनुरूप पूर्ण कराकर समस्त सूचना प्रमुख सचिव, समाज कल्याण को दिनांक 27–4–2010 तक उपलब्ध करा दी जाय।

उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि इस सम्बन्ध में एनआईसी द्वारा एक साफटवेयर तैयार किया जा रहा है जिसे सम्बन्धित जनपद के एनआईसी यूनिट के माध्यम से जनपदों को उपलब्ध करा दिया जायेगा। अतः इसी साफ्टवेयर में उक्त न्याय पंचायत का डाटा फीड कर दिया जाय तथा रिकार्ड एनआईसी मुख्यालय को ईमेल के माध्यम से अथवा सीडी भेजकर उपलब्ध करा दिया जाय। इसके साथ ही अन्य क्षेत्रों में सर्वेक्षण का कार्य शासनादेश दिनांक 30–03–10 में

अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में अपने मण्डल के जनपदो को अपेक्षित निर्देश देकर तथा समन्वय स्थापित कर वांछित डाटा दिनांक 27--4--10 तक उपरोक्तानुसार भिजवाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(प्रेम नारायण)
प्रमुख सचिव एवं
समाज कल्याण आयुक्त

संख्या--1195 (1)/26--2--2010 तद्दिनांक।

उपरोक्त की प्रतिलिपि समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(प्रेम नारायण)
प्रमुख सचिव एवं
समाज कल्याण आयुक्त।